दैनिक
विश्वनाथ समाचार

RNI NO. MPHIN/25/A4357

संदीप परमार (सेन)
(प्रधान संपादक)
मो. 9755161156

www.vishwanathsamachar.com | इंदौर, शुक्रवार 6 नवम्बर 2026 | वर्ष 1 | कुल पृष्ठ : 8 | DIGITAL EDITION

अजय राय का सम्राट चौधरी पर तीखा हमला



बोले- 'महामूर्ख' को अपराध की समझ नहीं; प्रियंका गांधी को लेकर भी किया बड़ा दावा

वाराणसी। बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक सियासी बयानबाजी तेज होती नजर आ रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'महामूर्ख व्यक्ति' करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को अपराध और क्राइम की बुनियादी जानकारी ही नहीं है, वह इन मुद्दों को कैसे समझ सकता है। अजय राय के इस बयान के बाद राजनीतिक हलकों में नई चर्चा शुरू हो गई है। उन्होंने अपने बयान में बिहार के ऐतिहासिक और राजनीतिक योगदान का भी जिक्र किया और कहा कि इस प्रदेश की अपनी एक गौरवशाली पहचान रही है। अजय राय ने बिहार के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद बिहार की धरती से आते थे। महात्मा गांधी ने भी बिहार से आंदोलन की शुरुआत कर स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी थी। उन्होंने कहा कि बिहार का देश की आजादी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ऐसे प्रदेश के बारे में बात करते समय उसके इतिहास और विरासत को भी ध्यान में रखना चाहिए। सम्राट चौधरी पर उनकी इस टिप्पणी को बिहार की राजनीति से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस की आक्रामक प्रतिक्रिया के तौर पर देखा जा रहा है। यूपी चुनाव और इंडिया गठबंधन पर बड़ा दावा- उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी अजय राय ने अपनी बात रखी।

1,398 किमी लंबा होगा सड़क नेटवर्क

मध्यप्रदेश में 63,296 करोड़ रुपये से बनेंगे 5 ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

भोपाल। मध्यप्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने और प्रदेश के प्रमुख शहरों को बेहतर आवागमन सुविधा से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। राज्य में करीब 63 हजार 296 करोड़ रुपये की लागत से पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज समत्व भवन में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की 49वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश में प्रस्तावित पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की प्रगति, उनकी व्यवहार्यता और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में सड़क परिवहन की सुविधाओं का विस्तार होगा और प्रमुख शहरों के बीच आवागमन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि

प्रस्तावित पांच कॉरिडोर में भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना, जबलपुर-आशापुर, भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली मार्ग शामिल हैं। भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना और जबलपुर-आशापुर कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट द्वारा फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इन मार्गों के लिए अलग-अलग अलाइनमेंट विकल्प सामने आए हैं। फिलहाल उपलब्ध विकल्पों का परीक्षण कर सबसे उपयुक्त अलाइनमेंट का चयन करने की प्रक्रिया जारी है।

वहीं भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। बैठक में संचालक मंडल ने पांचों कॉरिडोर की फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने और व्यवहार्य पाए जाने पर उनकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की अनुमति प्रदान की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में कहा कि प्रदेश में सड़क निर्माण और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं पहले से निर्माणाधीन हैं, उनमें काम की गति बढ़ाई जाए और निर्धारित समयसीमा में उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसा सड़क नेटवर्क विकसित किया जाना चाहिए, जिससे कोई भी गांव या शहर सड़क सुविधा से वंचित न रहे।

उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन, ग्रामीण विकास विभाग, उद्योग विभाग और मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड को आपसी तालमेल के साथ योजनाओं पर काम करना चाहिए। सड़क विकास को केवल प्रमुख राजमार्गों तक सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड यानी

इन पांचों कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 1,398 किलोमीटर होगी। सभी कॉरिडोर फोरलेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड मार्ग के रूप में तैयार किए जाने प्रस्तावित हैं। इनमें पेव्ड शोल्डर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को सड़क निर्माण से जुड़ी योजनाओं में तेजी लाने और प्रदेश के गांवों तथा शहरों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।



प्रमुख जिला मार्गों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए उपलब्ध सभी संभावनाओं पर एक साथ काम करने की जरूरत है। बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की ओर से प्रस्तावित राजमार्ग निधि के विषय पर भी चर्चा की गई। इस निधि के माध्यम से सड़क विकास से जुड़ी परियोजनाओं को वित्तीय आधार देने और निर्माण कार्यों को गति देने के प्रस्ताव पर विचार किया गया।

प्रदेश में पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित करने की योजना को सड़क अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। हालांकि, फिलहाल परियोजनाएं फीजिबिलिटी रिपोर्ट, अलाइनमेंट चयन और डीपीआर तैयार करने के चरण में हैं। आगे की प्रक्रिया में परियोजनाओं की तकनीकी व्यवहार्यता, लागत और निर्माण संबंधी पहलुओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य

प्रदेश के प्रमुख शहरों, औद्योगिक क्षेत्रों और विभिन्न जिलों के बीच सड़क संपर्क को बेहतर बनाना है

इन प्रस्तावित कॉरिडोर के निर्माण से भविष्य में परिवहन सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अब इन परियोजनाओं की अगली प्रक्रिया और डीपीआर तैयार होने के बाद इनके निर्माण की समयसीमा तथा कार्ययोजना स्पष्ट हो सकेगी।

कोहली के निशाने पर नया रिकॉर्ड



दूसरे वनडे में एक रन बनाते ही पोंटिंग को पीछे छोड़ने का मौका न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार अर्धशतक जड़ने वाले विराट कोहली के पास दूसरे मुकाबले में एक और बड़ा इतिहास रचने का मौका है। कोहली अगर मैच में सिर्फ एक रन बना लेते हैं तो वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग आगे हैं। कोहली के पास पोंटिंग का रिकॉर्ड तोड़कर नया कीर्तिमान अपने नाम करने का सुनहरा मौका है। पहले वनडे में कोहली ने अपनी पारी से एक बार फिर साबित किया कि बड़े मुकाबलों में उनका अनुभव कितना महत्वपूर्ण है। अब दूसरे वनडे में उनकी नजर सिर्फ टीम को जीत दिलाने पर नहीं, बल्कि एक और ऐतिहासिक उपलब्धि पर होगी। अगर कोहली यह रिकॉर्ड तोड़ते हैं तो न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी निरंतरता का एक और बड़ा प्रमाण सामने आएगा।

दिवाली के बाद दिल्ली में होगी कृत्रिम बारिश

राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार अब कृत्रिम बारिश कराने की तैयारी में जुट गई है। दिवाली के बाद अगर प्रदूषण का स्तर और बढ़ता है तो दिल्ली में आर्टिफिशियल रेन यानी कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। इसके लिए सरकार ने शुरुआती स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

दैनिक
विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शुक्रवार 6 नवम्बर 2026

जन-विश्वास शिविर से बदली दीदी राजकुमारी की जिंदगी



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। ग्राम बनेड़िया में आयोजित जन-विश्वास शिविर में स्व-सहायता समूह की दीदी राजकुमारी ने कलेक्टर शिवम वर्मा से सिलाई मशीन की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम चरणजीत सिंह हुड्डा ने गुरुवार ग्राम उजलिया स्थित उनके घर पहुंचकर सिलाई मशीन भेंट की। मशीन मिलने से राजकुमारी अब घर बैठे सिलाई कार्य कर आय अर्जित कर सकेंगी। मशीन को उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर नई शुरुआत बताया।

आईएफएमआईएस केयर थीम के तहत

आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। जिला कोषालय उज्जैन द्वारा आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत जिले के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कार्यालयीन दायित्वों और आईएफएमआईएस पोर्टल की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र, जिला पंचायत, उज्जैन में 4 एवं 5 नवंबर 2026 को आयोजित हो रहा है। 4 नवंबर को प्रशिक्षण दो शिफ्टों में संपन्न हुआ। पहली शिफ्ट सुबह 11 से



दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 12 से 1 बजे तक चली। प्रशिक्षण का अगला चरण 5 नवंबर को भी दो शिफ्टों में आयोजित होगा। निर्धारित सूची में शामिल शेष अधिकारी अपनी निर्धारित शिफ्ट के अनुसार तय समय पर ई-दक्ष केंद्र में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें।

दीपावली की तैयारियों में जुटा ग्रामीण क्षेत्र

बाजारों में बढ़ी रौनक



प्रकाश वर्मा

विश्वनाथ समाचार
WWW.vishwanathsamachar.com

देपालपुर। दीपावली पर्व निकट आते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। लोग घरों की साफ-सफाई, लिपाई-पोताई और रंग-रोगन में जुटे हैं। युवा घरों को आकर्षक ढंग से सजाने की तैयारी कर रहे हैं। बाजारों में रंग, पेंट और सजावटी सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है। ग्रामीण खेती-किसानी के साथ घरों की सफाई और सजावट के लिए समय निकाल रहे हैं।

पांच दिवसीय पर्व का विशेष महत्व

पंडित राजेश रावत और मनोज त्रिवेदी ने बताया कि हिंदू धर्म में दीपावली का विशेष महत्व है। यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत धनतेरस से होती है। इसके बाद नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा कर रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन की खुशी में अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उत्सव मनाया था। तभी से दीप जलाने की परंपरा प्रचलित है।



धनतेरस पर खरीदारी की परंपरा

पर्व के पहले दिन धनतेरस पर खरीदारी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस पर बर्तन, सोने-चांदी और अन्य उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी शुभ होती है। इसे देखते हुए बाजार में खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

लक्ष्मी पूजन की तैयारी

दीपावली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि विधि-विधान से पूजन करने पर घर में सुख-समृद्धि आती है। लोग पूजा की तैयारियों के साथ घरों में दीपक, रंगोली और सजावट की व्यवस्था भी कर रहे हैं। शाम के समय दीप जलाकर घरों और प्रतिष्ठानों को रोशन किया जाता है।

गोवर्धन पूजा और भाई दूज का उत्साह

दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। गांव में इस पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण, गोवर्धन पर्वत और गायों की पूजा की जाती है। कई स्थानों पर अन्नकूट का आयोजन कर भगवान को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया जाता है। पांच दिवसीय पर्व का समापन भाई दूज से होता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं।

गांव-गांव घूमकर बर्तन बेच रहे विक्रेता

धनतेरस पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बर्तनों की खरीदारी की जाती है। इंदौर के गांधीनगर से बर्तन बेचने वाले सचिन गुजराती ने बताया कि वे लंबे समय से क्षेत्र में बर्तन बेचने का कार्य कर रहे हैं। पहले वे नकद राशि में बर्तन देते थे, अब महिलाओं के बाल के बदले भी बर्तन दे रहे हैं। किचन के सभी बर्तन गांव-गांव जाकर ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार दिए जा रहे हैं।

पुराने बर्तन लेकर नए बर्तन भी दिए जाते हैं

उन्होंने बताया कि वे अनेक वर्षों से इस कार्य से जुड़े हैं। पहले साइकिल, फिर मोटरसाइकिल और अब छोटा हाथी वाहन में बर्तन भरकर गांव-गांव में बेचकर गुजर-बसर करते हैं। धनतेरस पर बिक्री का अच्छा माहौल रहता है, लेकिन इस बार किसानों के पास समय कम होने के कारण पर्व में अपेक्षित उत्साह नजर नहीं आ रहा है।

दौड़कर 12 ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर निकले मोनू राज चौहान ने किए महाकाल के दर्शन

236 दिन में पूरी की यात्रा, मां को समर्पित की आध्यात्मिक साधना



विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com



उज्जैन। बिहार के पटना निवासी मोनू राज चौहान ने दौड़ लगाकर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों की साहसिक और आध्यात्मिक यात्रा के तहत उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। यह यात्रा उन्होंने अपनी मां और देश की सभी माताओं को समर्पित की है।

महाकाल दरबार में मोनू राज चौहान ने बताया कि अब तक यात्रा में 236 दिन लगे हैं। उन्होंने मंदिर प्रबंध समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की। इस अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने उनका स्वागत और सत्कार किया। पूजन पुजारी राजेश गुरु ने संपन्न करवाया।

खड़गे के 'B टीम' वाले बयान पर संजय सिंह का पलटवार

बोले- कांग्रेस के विधायक ही भाजपा की सरकार बनवाते हैं



सुल्तानपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आम आदमी पार्टी (AAP) को भाजपा की बी टीम बताए जाने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। खड़गे के बयान पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस पर ही सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक अलग-अलग राज्यों में पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाते हैं और भाजपा की सरकार बनवाने में मदद करते हैं। ऐसे में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी पर सवाल उठाने से पहले अपने नेताओं और विधायकों की भूमिका पर भी विचार करना चाहिए।

दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी उन राज्यों और क्षेत्रों में चुनाव लड़ने पहुंच जाती है, जहां कांग्रेस मजबूत स्थिति में होती है या फिर भाजपा के खिलाफ मुकाबला कर रही होती है। खड़गे के मुताबिक, इस तरह चुनाव मैदान में उतरने से विपक्षी दलों के वोटों का बंटवारा होता है, जिसका राजनीतिक फायदा भाजपा को मिल सकता है।

खड़गे ने अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी पर भाजपा को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा पहुंचाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि आप का कोई स्वतंत्र राजनीतिक वजूद नहीं है और उसकी चुनावी गतिविधियां कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) को फायदा पहुंचाने वाली साबित होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान के बाद विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया। खड़गे के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आप सांसद संजय सिंह ने कांग्रेस के पुराने राजनीतिक घटनाक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक ही कई राज्यों में पार्टी छोड़कर भाजपा में चले जाते हैं। इसके बाद भाजपा की सरकार बनाने या उसे सत्ता में बनाए रखने में मदद करते हैं। संजय सिंह ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस के अपने विधायक भाजपा में शामिल होकर उसकी सरकार बनवाते हैं, तब कांग्रेस आम आदमी पार्टी पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप कैसे लगा सकती है? संजय सिंह ने अपने बयान के जरिए कांग्रेस नेतृत्व को यह याद दिलाने की कोशिश की कि भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की बात करने वाले दलों को पहले अपने राजनीतिक घटनाक्रमों और नेताओं की भूमिका पर भी ध्यान देना चाहिए। उनके मुताबिक, केवल आम आदमी पार्टी के चुनाव लड़ने को विपक्षी वोटों के बंटवारे से जोड़कर देखना उचित नहीं है, क्योंकि अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस के विधायकों के भाजपा में शामिल होने के मामले भी राजनीतिक चर्चा का विषय रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही खुद को भाजपा के खिलाफ प्रमुख राजनीतिक ताकत के रूप में पेश करती रही हैं। हालांकि, चुनावी राजनीति में दोनों दलों के बीच कई राज्यों में प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिलती है। पंजाब इसका प्रमुख उदाहरण है, जहां दोनों दलों के बीच सीधा राजनीतिक मुकाबला रहा है।

DAVV में छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ

हाईकोर्ट ने 75 दिन में चुनाव कराने के दिए निर्देश; विश्वविद्यालय प्रशासन को बड़ा झटका

इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में लंबे समय से टल रहे छात्रसंघ चुनाव को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा आदेश। अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए इंदौर खंडपीठ ने 75 दिनों के भीतर चुनाव कराने के निर्देश दिए। अब विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने तय समय-सीमा में चुनाव संपन्न कराने की चुनौती।

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (DAVV) में छात्रसंघ चुनाव को लेकर लंबे समय से चल रही मांग और कानूनी लड़ाई के बीच मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने विश्वविद्यालय प्रशासन को 75 दिनों के भीतर छात्रसंघ चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के बाद DAVV में छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।यह आदेश 5 नवंबर 2026 को न्यायमूर्ति पवन कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने अवमानना याचिका सिविल क्रमांक 7815/2026, अरुणेश मिश्रा विरुद्ध अनुपम राजन एवं अन्य में पारित किया। याचिकाकर्ता अरुणेश मिश्रा की ओर से अधिवक्ता जयेश गुरनानी ने पैरवी की। पहले आदेश के बावजूद DAVV में चुनाव नहीं, पहुंचा मामला हाईकोर्ट- दरअसल, मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में लंबे समय से छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए थे। विद्यार्थियों की लोकतांत्रिक भागीदारी और अपने प्रतिनिधि चुनने के अधिकार का मुद्दा उठाते हुए पूर्व में हाईकोर्ट की प्रधानपीठ जबलपुर में रिट याचिका क्रमांक 34295/2024 दायर की गई थी।इस याचिका में प्रदेश के सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की गई थी। 3 अगस्त 2026 को मुख्य न्यायाधिपति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने इस मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया था।

सरकार के कैलेंडर में सितंबर में चुनाव, फिर भी नहीं हुआ पालन

सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 का अकादमिक कैलेंडर न्यायालय के सामने पेश किया था। इसमें सितंबर 2026 में छात्रसंघ चुनाव आयोजित किए जाने का उल्लेख था। शासन के इसी जवाब और अकादमिक कैलेंडर को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट ने प्रदेश के प्रत्येक महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए थे।

अमित शाह की विदाई में जुटी हरियाणा की पूरी सरकार, CM सैनी और अनिल विज भी पहुंचे

अंबाला। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के अंबाला दौरे के समापन पर उन्हें विदाई देने के लिए हरियाणा का पूरा राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व अंबाला कैंट स्थित वायुसेना स्टेशन पहुंचा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और कैबिनेट मंत्री अनिल विज समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे। अमित शाह ने अपने दौरे के दौरान 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में बनाए गए शहीदी स्मारक का लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने गांधी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। दोनों कार्यक्रमों के समापन के बाद उनकी विदाई



के लिए एयरफोर्स स्टेशन पर नेताओं और अधिकारियों का जमावड़ा रहा। अमित शाह को विदाई देने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण भी पहुंचे। कैबिनेट मंत्रियों में अनिल विज, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार, स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मौजूद रहे। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा और राज्य मंत्री राजेश नगर व गौरव गौतम भी विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए।

'अपनी मर्यादा तोड़ रही कांग्रेस'

बिहार पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का विपक्ष पर बड़ा हमला

पटना। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज गुरुवार (4, नवंबर) को दरभंगा पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर बिहार भाजपा के प्रेदश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। भूपेंद्र यादव जिले में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा में भी शामलि हुए। इस दौरान उनके साथ संजय सरावगी व अन्य नेता भी मौजूद रहे। पदयात्रा के दौरान उन्होंने अपने संबोधन में महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा और एसआईआर (SIR) को लेकर विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाए।

पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को किया संबोधित

वहीं, पदयात्रा के बाद मंत्री भूपेंद्र यादव ने पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भूपेंद्र यादव ने कहा कि, जब कांग्रेस ने देश मे इमरजेंसी लगाई थी, तब बिहार से ही जेपी के नेतृत्व में जनसंघ ने आंदोलन किया था। वहीं, एसआईआर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि, देश में पहली बार SIR नही हो रहा है। ये लगातार होता रहता है। गहन पूर्णिक्षण इस लिए कराया जाता है कि मतदाता सूची को शुद्ध कियाया जा सके। मंत्री ने कहा कि, आज तक किसी भी दल ने कभी विरोध नही किया, लेकिन ये कांग्रेस अपनी मर्यादा तोड़ रही है।

कांग्रेस पर भ्रम फैलान का लगाया आरोप

मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि, कांग्रेस लगातार गलत बयान बाजी कर रही है। वे गलत तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। राहुल



गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा लोगों के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन देश की जनता जानती है। देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को चुना है। ये लोग येन केन प्रकार यह लोग सत्ता में आना चाहते हैं, लेकिन जनता ने इन्हें पूरी तरह से रिजेक्ट किया है। फिर भी यह लोग जिस तरह का काम देश में कर रहे हैं। वह कहीं से भी ठीक नहीं है।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शुक्रवार 6 नवम्बर 2026

त्योहारों पर मिलावटखोरों पर शिकंजा

उज्जैन में मावा-घी-मिठाई के नमूने लिए | जांच रिपोर्ट के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाई

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य सामग्री के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

»» विभाग की टीम मावा, घी, मिठाई, तेल और नमकीन के निर्माण व विक्रय स्थलों की जांच कर रही है।

अभियान के तहत उज्जैन शहर के तीन प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किए गए। अवंतिका मावा भंडार, चंद्रशेखर आजाद मार्ग से मावा, श्री महाकालेश्वर मिष्ठान, संतराम सिंधी कॉलोनी से मावा पेड़ा, मावा चॉकलेट बर्फी और मलाई बर्फी, तथा गोपाला डेयरी एंड स्वीट्स, सिंधी कॉलोनी से मावा, घी, मिल्क केक और गुजिया के नमूने लिए गए। नमूने लेने से पहले मौके पर प्रारंभिक परीक्षण भी किया गया। सभी नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने आमजन से अपील की है कि केवल वैध लाइसेंस या पंजीयन वाले प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें और मिलावट की सूचना मिलने पर तुरंत विभाग को शिकायत करें।



अपर कलेक्टर रावत ने स्वामित्व योजना के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश

कम प्रगति वाले पटवारियों को दी चेतावनी, तकनीकी समस्याओं के निराकरण के निर्देश

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

रतलाम । अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत ने स्वामित्व योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पिपलौदा तहसील में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त पटवारियों से चर्चा की। उन्होंने कम प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित शिविरों का निरीक्षण भी किया। जिन पटवारियों की प्रगति कम पाई गई, उन्हें चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए।



ग्राम रियावन में स्वामित्व योजना की सबसे कम प्रगति पाए जाने पर अपर कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा संबंधितों से चर्चा कर तकनीकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि ग्राम का नक्शा ऑनलाइन नहीं खुल रहा है तथा मूल रिकॉर्ड ईओडब्ल्यू में जमा है। अपर कलेक्टर ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए उचित फोरम पर लिखित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा तहसील जावरा के ग्राम ढोढर एवं पिपलिया जोधा में भी स्वामित्व योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं पटवारियों को कार्यों में तेजी लाकर समय-सीमा में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अल्प वर्षा से गहराया जल संकट,



प्रकाश वर्मा

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

अक्टूबर में ही सूख गई गंभीर नदी



देपालपुर। तहसील मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर गांव उजालिया-खड़ोतिया में अल्प वर्षा के चलते सूखे की आशंका गहराने लगी है। क्षेत्र में सूखा घोषित करने की मांग उठ रही है। गांव के रहवासियों के सामने आने वाले दिनों में गंभीर पेयजल संकट खड़ा होने की आशंका है। गर्मी का मौसम आने से पहले ही जलस्रोत जवाब देने लगे हैं। भूजल स्तर में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से ग्राम पंचायत के शासकीय ट्यूबवेलों से संचालित नल-जल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में ग्रामीणों को पीने के पानी से लेकर दैनिक उपयोग तक के लिए निजी ट्यूबवेल पर निर्भर रहना पड़ रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले महीनों में संकट और विकराल हो सकता है।

वर्षों से जूझ रहे ग्रामीण

गांव में पेयजल समस्या नई नहीं है। वर्षों से ग्रामीण इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ग्राम पंचायत द्वारा समय-समय पर ट्यूबवेलों का खनन करवाया जाता रहा है। पिछले कई वर्षों में पंचायत स्तर पर कई ट्यूबवेल खुदवाए गए, ताकि लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। इसके बावजूद कोई भी ट्यूबवेल गर्मी के दिनों में पूरे गांव की प्यास बुझाने में सक्षम साबित नहीं हुआ। हर साल गर्मी आते ही जल संकट गहराता है और ग्रामीणों को पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।

गंभीर नदी सूखी, 10 से 12 हैंडपंप बंद

उजालिया गांव से निकली गंभीर नदी में इस बार पानी नहीं होने के कारण वह अभी से सूखी नजर आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बार बारिश के दिनों में एक बार भी नदी में पानी नहीं आया। इसके कारण हैंडपंप और निजी ट्यूबवेल का जल स्तर जैसे-तैसे बना हुआ था। अब दिन में तेज धूप पड़ने से जल स्तर और नीचे जा रहा है। बानियाखेड़ी-उजालिया गांव में 10 से 12 हैंडपंप बंद हो चुके हैं। अब ग्रामीण निजी ट्यूबवेल से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

एक बोरिंग, 30 से 40 नल

उजालिया क्षेत्र में पंचायत द्वारा ट्यूबवेल लगाकर ग्रामीणों को दे दिया गया है। यहां एक बोरिंग से करीब 30 से 40 नलों के माध्यम से घर-घर पानी की आपूर्ति हो रही है। गांव के सरपंच गोकुल सिंह पवार का कहना है कि पंचायत प्रयास कर रही है। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी नहीं आने दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर गर्मी के दिनों में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी। दोनों गांव की आबादी करीब 1650 है, लेकिन अभी से ही गांव में पानी की समस्या नजर आने लगी है। इससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। गांव के पटेल लखन सिंह दरबार ने बताया कि पहली बार अक्टूबर माह में गंभीर नदी सूख चुकी है, जिसमें एक बूंद पानी नजर नहीं आ रहा है। अधिकतर बोरिंग इसी पर निर्भर रहते हैं, लेकिन इस बार सूख जाने के कारण सभी बोरिंग अभी से ही बंद होने की कगार पर हैं। जो कुछ चल रहे हैं, उन्हें किसान अपने खेतों में बोई गई फसल में पानी के उपयोग में ले रहे हैं। अक्टूबर माह में ऐसी स्थिति नजर आ रही है तो आने वाले गर्मी के दिनों में भयानक स्थिति हो सकती है।

बिगड़ा नल-जल योजना का गणित

सामान्य परिस्थितियों में बारिश के बाद भूजल स्तर बढ़ने से शासकीय ट्यूबवेलों में पानी की उपलब्धता बेहतर हो जाती है। इसके बाद लगभग छह महीने तक नल-जल योजना के माध्यम से घर-घर पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुचारु रहती है, लेकिन इस बार अल्प वर्षा ने इस व्यवस्था का गणित बिगाड़ दिया है। पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण भूजल स्तर में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और बारिश के बाद भी कई ट्यूबवेल पानी के अभाव में बंद पड़े हैं। नतीजतन, जिन नलों से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद थी, वे ही सूखे पड़े हैं।

सिंचाई जारी रही तो बढ़ेगा संकट

उजालिया-खड़ोतिया के आसपास के क्षेत्रों में अल्प वर्षा के कारण नदी पूरी क्षमता से नहीं भर पाई है। ऐसे में उपलब्ध जल का संरक्षण बेहद जरूरी हो गया है। चिंता की बात यह है कि सीमित जलस्रोतों से भी सिंचाई के लिए लगातार पानी निकाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ किसानों द्वारा निजी बोरिंग से पाइपलाइन बिछाकर खेतों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ स्थानों पर दूसरे किसानों को भी पानी बेचने की स्थिति सामने आ रही है। यदि कम बारिश के बावजूद उपलब्ध जल का इसी तरह दोहन होता रहा, तो आने वाले समय में नदी-तालाबों के सूखने की आशंका और बढ़ जाएगी। नदी-तालाबों में पानी कम होने से मवेशियों, जंगली जीवों और पक्षियों के सामने भी पेयजल संकट खड़ा हो सकता है।

पीथमपुर में अवैध अस्पतालों और क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा

बिना लाइसेंस संचालित स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण, संचालकों को 4-5 दिन में दस्तावेज पेश करने के निर्देश

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

धार। पीथमपुर औद्योगिक नगरी पीथमपुर में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है।

क्षेत्र में बिना वैध पंजीयन और आवश्यक अनुमति के संचालित हो रहे स्वास्थ्य केंद्रों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय टीम ने विभिन्न निजी अस्पतालों एवं क्लीनिकों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान जिन संस्थानों के संचालक आवश्यक लाइसेंस, पंजीयन और अन्य वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, उन्हें निर्धारित समयावधि में रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, कुछ स्वास्थ्य केंद्रों को मौके पर बंद कराए जाने की जानकारी भी सामने आई है। सीएमएचओ नालछा डॉ. जोगिंदर सिंह डावर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग अवैध रूप से संचालित चिकित्सा संस्थानों पर लगातार निगरानी रख रहा है। निरीक्षण के दौरान जिन अस्पतालों और क्लीनिकों के पास संचालन संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए हैं, उनके संचालकों को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए चार से पांच दिन का समय दिया गया है। निर्धारित अवधि में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गर्भवती महिलाओं के उपचार में लापरवाही की शिकायतें

सिविल अस्पताल पीथमपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत काजवे ने बताया कि क्षेत्र में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की कार्यप्रणाली को लेकर सीएम हेल्पलाइन, सीएमएचओ कार्यालय तथा लिखित आवेदनों के माध्यम से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं।

शिकायतों में गर्भवती महिलाओं के समुचित उपचार में लापरवाही और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि को लेकर भी चिंता जताई गई थी। इन शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने निजी चिकित्सा संस्थानों की जांच और उनकी वैधानिक स्थिति का परीक्षण शुरू किया। डॉ. काजवे के अनुसार, कुछ ऐसे चिकित्सकों और स्वास्थ्य केंद्रों की शिकायतें सामने आई थीं, जहां गर्भवती महिलाओं का उचित चिकित्सकीय प्रबंधन नहीं किए जाने की आशंका जताई गई थी। ऐसे मामलों को विभाग ने गंभीरता से लेते हुए जांच के दायरे में लिया है।

झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में उपचार में हो रही देरी

शिकायतों के अनुसार, कुछ गर्भवती महिलाएं झोलाछाप चिकित्सकों के संपर्क में आकर उपचार करवा रही थीं। इसके कारण उन्हें समय पर शासकीय अस्पताल पहुंचने और विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ लेने में देरी हो रही थी। गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक उपचार बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में अनुभवहीन व्यक्तियों से उपचार करवाना अथवा गंभीर लक्षणों की अनदेखी करना गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

दस्तावेज नहीं मिले तो होगी कानूनी कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित अस्पतालों एवं क्लीनिक संचालकों से संचालन लाइसेंस, संस्थागत पंजीयन तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित चार से पांच दिनों की समयसीमा में वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने वाले संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विभाग का कहना है कि

यह अभियान केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि क्षेत्र में संचालित निजी चिकित्सा संस्थानों की नियमित निगरानी भी की जाएगी। इसका उद्देश्य अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर अंकुश लगाना, मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकना है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाई,

जांच हेतु मावा, सेंव नमकीन एवं अन्य खाद्य पदार्थो के नमूने लिए गए

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

रतलाम। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए रतलाम, जावरा, ताल एवं सैलाना में विभिन्न खाद्य संस्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। कार्यवाई के दोरान रतलाम स्थित फर्म बड़े मामाजी मावा वाला चांदनी चौक से मावा का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। फर्म उमंग नमकीन त्रिपोलिया गेट से मक्खन बड़ा और नमकीन सेव का नमूना लिया गया। फर्म जैन मिठाई वाला महू रोड से लक्ष्मी डोटा स्टिक एवं काजू मैसूर पाक का नमूना लिया गया। फर्म रतलामी चटकारा नमकीन साक्षी पेट्रोल पम्प से लाल मिर्च पाउडर एवं नमकीन सेव एवं लॉन्ग सेव का नमूना लिया गया। बालाजी मावा भंडार सज्जन मील राम मंदिर के पास से मावा के 02 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। जावरा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती ज्योति बघेल के द्वारा श्री देवनारायण मावा भंडार बरखेड़ी जावरा रतलाम का निरीक्षण किया गया। मौके पर विक्रम सिंह गुर्जर पिता नंद जी गुर्जर फर्म का संचालन करते पाए गए। मौके पर लगभग 40 किलो मावा निर्माण उपरांत विक्रय के लिए प्रदर्शित पाया गया। मौके पर मावा के तीन नमूने जांच हेतु लिए गए।

इसी प्रकार देव मावा भंडार बरखेड़ी जावरा रतलाम का निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रेम सिंह गुर्जर पिता इंदर सिंह गुर्जर फर्म का संचालन करते पाए गए। मौके पर मावा निर्माण उपरांत विक्रय के लिए लगभग 30 किलो संग्रहित पाया गया। जिसमें से मावा के दो नमूने जांच हेतु लिए गए। प्रकार कोठारी ट्रेडर्स 78 कमानी गेट जावरा किराना शॉप का निरीक्षण किया गया। मौके पर नवीन कोठारी पिता रतनलाल जी कोठारी फर्म का संचालन करते पाए गए। फार्म से तुवर दाल एवं सरसों का तेल का नमूना जांच हेतु लिए गए। हातिम ट्रेडर्स 73



कमानी गेट जावरा रतलाम से ताहिर अली पिता युसूफ अली से अरिहंत फूड प्रोडक्ट मैदा का नमूना एवं शक्कर एवं खजूर का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत लिया गया।

ताल क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा कमलेश जमरा एवं तहसीलदार निर्भय सिंह पटेल द्वारा ताल में कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य संस्थानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। न्यू बस स्टैंड स्थित देवकृपा रेस्टोरेंट से मिठाई, श्री राधे रेस्टोरेंट से सेव, पुराना बस स्टैंड स्थित बालाजी मावा भंडार से मावा, राजेंद्र मार्ग स्थित श्री जोधपुर स्वीट्स से मावालड्डू तथा कुम्भकारपूरा स्थित श्री बालाजी नमकीन से मावा के नमूने लिए गए। लिए खाद्य सुरक्षा प्रीति मंडोरिया द्वारा सैलाना में कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य संस्थानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। बस स्टैंड सैलाना स्थित जोधपुर स्वीट्स से मिठाई, मोदी आइस एंड स्वीट्स से रसगुल्ला, कावेरी रेस्टोरेंट से केसर पेड़ा, जैन स्वीट्स से बर्फी एवं सेव के नमूने लिए गए। लिए गए सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएँगे। जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सभी संस्थानों स्वच्छता बनाए रखने एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए।

लोकायुक्त ने बाबू 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

विश्वनाथसमाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। लोकायुक्त उज्जैन की टीम ने कलेक्टर कार्यालय स्थित एडीएम सत्येंद्र सिंह गुर्जर के कार्यालय में पदस्थ बाबू रोहित गोठवाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। नागदा निवासी ब्रजेश विश्वकर्मा की माता विजय लक्ष्मी के नाम से उज्ज्वला योजना में 14 सिलेंडर निकल गए थे। आरोप है कि ये सिलेंडर किसी दूसरे व्यक्ति को प्रदाय कर दिए गए। इस मामले में कृष्णा गैस एजेंसी की हेराफेरी भी सामने आई।जिसके बाद खाद्य विभाग ने जांच की।बताया जा रहा है कि जांच की रिपोर्ट फेवर में करने के लिए बाबू रोहित गोठवाल ने ब्रजेश विश्वकर्मा से 50 हजार रुपए की मांग की थी।परेशान होकर ब्रजेश ने इसकी शिकायत उज्जैन लोकायुक्त से की।शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। गुरुवार को जैसे ही ब्रजेश ने बाबू को 20 हजार रुपए दिए, पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।



दीपावली पर एसपी ने पैदल भ्रमण कर लिया सुरक्षा का जायजा

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन। दीपावली पर्व को देखते हुए उज्जैन पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने पुलिस बल, अश्वारोही दल एवं बीडीडीएस टीम के साथ शहर के प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान एसपी प्रदीप शर्मा ने पटाखों की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का पालन करने, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ज्वलनशील सामग्री का सुरक्षित



रखरखाव करने एवं निर्धारित स्थानों पर ही पटाखों का विक्रय करने के निर्देश दिए गए।वहीं बीडीडीएस टीम द्वारा संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई और अश्वारोही दल द्वारा बाजारों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया।पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

दैनिक विश्वनाथ समाचार
इंदौर, शुक्रवार 6 नवम्बर 2026

तेल की कीमतों में तेज गिरावट

अमेरिकी चुनाव और ईरान पर नरमी से बाजार में सप्लाई का भरोसा बढ़ा



वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार चौथे दिन बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर प्रति बैरल से नीचे पहुंच गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई भी 87 डॉलर के आसपास आ गया।

इस सप्ताह अब तक तेल की कीमतों में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट बताई जा रही है। बाजार में गिरावट की प्रमुख वजह अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित बढ़त और ईरान के प्रति अमेरिकी रुख में नरमी को माना जा रहा है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति में सुधार ने भी आपूर्ति संकट की आशंका कम की है। हालांकि विशेषज्ञ इसे स्थायी गिरावट मानने से बच रहे हैं। घटते वैश्विक तेल भंडार और पश्चिम एशिया में बने तनाव के कारण कीमतों में फिर तेजी आने की संभावना बनी हुई है। भारत के लिए गिरती कीमतें राहत की खबर हैं, क्योंकि इससे आयात बिल और ईंधन महंगाई पर दबाव घट सकता है।

दीपावली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

शुक्रवार हाट बाजार में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग



अनिल बाजपेयी
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

बेटमा। आगामी दीपावली पर्व को नगर में शांति, सौहार्द और धूमधाम के साथ मनाने के उद्देश्य से बेटमा पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार महेंद्र गौड़ और बेटमा थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल ने संयुक्त रूप से की।

बाजार में यातायात व्यवस्था पर अहम निर्णय

त्योहारी सीजन में बाजार में लगने वाली भीड़ और शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। यातायात को सुगम बनाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को हाट बाजार के दौरान पूरा बाजार, सोसायटी रोड और गवली बाखल में सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाए।भारी वाहनों को लेकर रूपरेखा तय नगर में यातायात की समस्या को देखते हुए भारी वाहनों, विशेषकर डंपरों को लेकर भी रूपरेखा तय की गई। प्रस्ताव रखा गया कि डंपरों को पूरी तरह सागौर रोड की ओर डायवर्ट किया जाए और सागौर रोड का निर्माण पूरा होने के बाद इंदौर रोड पर इनका प्रवेश बंद कर दिया जाए। साथ ही इन वाहनों की गति पर भी सख्त नियंत्रण रखने की बात कही गई।

गौशाला के गायों के नगर भ्रमण पर चर्चा दीपावली नगर का सबसे बड़ा पर्व है और इस अवसर पर बेटमा गौशाला द्वारा प्रतिवर्ष गायों का नगर भ्रमण कराया जाता है। इसको लेकर भी चर्चा हुई और प्रशासन से इसके लिए उचित व्यवस्था व मार्ग सुनिश्चित करने का आग्रह किया ।

शासकीय स्कूल की भूमि सीमांकन को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, एक-एक इंच जमीन सुरक्षित करने की मांग





अनिल बाजपेयी
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

बेटमा। नगर में शासकीय स्कूल की भूमि को लेकर चल रहे मामले में समाजजनों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से स्कूल की जमीन का निष्पक्ष रूप से सीमांकन कराने की मांग की गई है, ताकि भूमि विवाद का स्थायी निराकरण हो सके।ज्ञापन में कहा गया कि स्कूल की एक-एक इंच जमीन सुरक्षित की जाए। सीमांकन के बाद ही भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना समाप्त होगी।शांति समिति की बैठक के साथ ज्ञापन देने के दौरान नगर के कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बब्बी दरबार, मूलचंद शर्मा, मोहन सिंह कछावा, नारायण सिसोदिया, कमल कुमरावत, विकास ठाकुर, मनोज मोदी, गोविंद काबरा, पंडित जितेंद्र जोशी, पार्षद विक्रम भारती, पार्षद नीलेश चौहान, विशाल चौहान, कान्हा दरबार, राहुल अग्रवाल और सभी पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

शेयर बाजार में जोरदार उछाल



सेंसेक्स 1600 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,300 के पार; विदेशी निवेशकों की खरीदारी से बढ़ा भरोसा

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले मजबूत संकेत और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट ने गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में जोरदार खरीदारी करा दी। कारोबार शुरू होते ही सेंसेक्स 1600 अंक से ज्यादा उछल गया, जबकि निफ्टी 1.80 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,300 के पार पहुंच गया। वित्तीय, रियल्टी, वाहन और सूचना प्रौद्योगिकी समेत लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों के शेयरों में जमकर खरीदारी हुई। विदेशी निवेशकों ने भी लगातार चौथे कारोबारी दिन भारतीय बाजार में पैसा लगाया। उन्होंने 7,284 करोड़ रुपये की खरीदारी की। कच्चे तेल की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट भी बाजार के लिए बड़ी राहत बनी। ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। सस्ता तेल भारत के आयात बिल और महंगाई के दबाव को कम कर सकता है। हालांकि बाजार की इस तेजी को लेकर विशेषज्ञ सतर्क हैं। वैश्विक घटनाक्रम और विदेशी निवेश की दिशा आगे भी बाजार की चाल तय कर सकती है।

SBI Share Price
शेयरों में आई 3% की तेजी, 1000 के पार पहुंचे भाव; क्या अभी और आएगा उछाल?

नई दिल्ली: देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के शेयरों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। बैंक के शेयर ने 1000 का अहम स्तर पार कर लिया है। फिलहाल शेयर करीब 3% की तेजी के साथ 1,009 पर कारोबार कर रहा है। बैंक के दमदार Q2 नतीजों के बाद निवेशकों की दिलचस्पी शेयर में बढ़ी है। हालांकि, विदेशी ब्रोकरेज फर्म Nomura ने शेयर पर अपना टारगेट प्राइस घटा दिया है। ऐसे में सवाल है कि क्या SBI के शेयरों में अभी और तेजी आने की गुंजाइश है या निवेशकों को संभलकर रहने की जरूरत है? गुरुवार को कारोबार के दौरान SBI के शेयरों में खरीदारी का रुझान देखने को मिला। शेयर में करीब 3% की तेजी आई और इसने 1,000 का स्तर पार कर लिया। फिलहाल यह 1,009 के आसपास कारोबार कर रहा है। इस तेजी के पीछे बैंक के सितंबर तिमाही के नतीजों को बड़ी वजह माना जा रहा है। SBI ने Q2 FY27 में शानदार मुनाफा दर्ज किया है, जिससे बैंक की कमाई और कारोबार को लेकर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। दूसरी तिमाही में 14.3% बढ़ा मुनाफा SBI ने जुलाई-सितंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट में सालाना आधार पर 14.3% की बढ़ोतरी दर्ज की। बैंक का मुनाफा बढ़कर 23,038 करोड़ पर पहुंच गया।

औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा पर पुलिस सख्त

हर सुरक्षा गार्ड का होगा पुलिस सत्यापन

सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और 30 दिन तक फुटेज सुरक्षित रखना अनिवार्य, सात दिन में कंपनियों को सौंपनी होगी अनुपालन रिपोर्ट



जीवन डोडिया
विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com



पीथमपुर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर में कंपनियों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। औद्योगिक इकाइयों में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी और कर्मचारियों एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक कमल सिंह चौहान ने सभी कंपनी प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत प्रत्येक सुरक्षा गार्ड का पुलिस एवं चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। वहीं, प्रमुख और संवेदनशील स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ उनकी रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखनी होगी।

सुरक्षा गार्डों की पहचान और पृष्ठभूमि की होगी जांच पुलिस के निर्देशानुसार कंपनियों में तैनात सभी सुरक्षा गार्डों का पुलिस एवं चरित्र सत्यापन कराना होगा। कंपनी प्रबंधन को प्रत्येक सुरक्षा गार्ड का नाम, पता, पहचान संबंधी दस्तावेज, नियुक्ति एजेंसी तथा पुलिस सत्यापन की स्थिति का अद्यतन रिकॉर्ड रखना होगा। यदि सुरक्षा गार्ड किसी निजी सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं, तो उनके सत्यापन संबंधी दस्तावेज भी कंपनी प्रबंधन को सुरक्षित रखने होंगे। पुलिस का मानना है कि औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा संभालने वाले कर्मचारियों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि की जानकारी होना आवश्यक है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

प्रवेश द्वार, पार्किंग और गोदाम रहेंगे सीसीटीवी की निगरानी में

औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल, गोदाम, लोडिंग-अनलोडिंग क्षेत्र, बाहरी परिसर सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। कैमरों की रिकॉर्डिंग 24 घंटे चालू रखना और कम से कम 30 दिनों तक फुटेज सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। किसी भी आपराधिक घटना अथवा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर संबंधित फुटेज तत्काल सुरक्षित कर नियमानुसार पुलिस को उपलब्ध कराना होगा, जिससे जांच में महत्वपूर्ण साक्ष्य मिल सकें।

बाहरी व्यक्तियों और वाहनों की आवाजाही का रखना होगा रिकॉर्ड

कंपनियों में आने-जाने वाले बाहरी व्यक्तियों और वाहनों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए आगंतुकों और वाहनों का व्यवस्थित रिकॉर्ड संधारित करने, अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने तथा रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित निगरानी और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा पर भी जोर दिया गया है।

सात दिन में प्रस्तुत करनी होगी सुरक्षा व्यवस्था की रिपोर्ट

सीएसपी कमल सिंह चौहान ने सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वे सात दिनों के भीतर अपनी सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी और अनुपालन रिपोर्ट पुलिस को प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में सुरक्षा गार्डों की कुल संख्या, उनके पुलिस सत्यापन की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, रिकॉर्डिंग और फुटेज सुरक्षित रखने की व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा इंतजामों का पूरा विवरण देना होगा। इसके अलावा थाना सेक्टर-01, थाना पीथमपुर और थाना सागौर के प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संचालित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करने तथा सुरक्षा गार्डों के पुलिस सत्यापन की स्थिति जांचने के निर्देश भी दिए गए हैं।

पुलिस और उद्योग प्रबंधन के समन्वय से मजबूत होगी सुरक्षा

सीएसपी कमल सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों और उद्योगों की संपत्ति की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। औद्योगिक क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस एवं कंपनी प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। पुलिस की इस पहल से पीथमपुर की औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा व्यवस्था अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। अब कंपनियों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन करते हुए तय समय सीमा में अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध सर्व समाज ने उठाई आवाज, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग

विश्वनाथ समाचार -तुलसीरामराठौर
www.vishwanathsamachar.com



मंदसौर/नाहरगढ (खाद्य पदार्थों में लगातार सामने आ रही मिलावट, नकली एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य सामग्री के निर्माण और विक्रय के विरुद्ध मंदसौर सर्व समाज एवं दशपुर जागरूक नागरिक मंच के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने जनहित में आवाज उठाई। इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला कलेक्टर मंदसौर के माध्यम से ज्ञापन कोतवाली पुलिस के अधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता विनय दुबेला ने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य और मानव जीवन के साथ गंभीर खिलवाड़ है। दूध, घी, तेल, मावा, पनीर, मिठाई, मसाले, दाल, आटा, नमकीन एवं अन्य दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंकाएं चिंताजनक हैं। विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। चंद रुपयों के लालच में लोगों के जीवन को खतरे में डालने वाले ऐसे कृत्यों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। दुबेला ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध केवल औपचारिक जांच और जुर्माने की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्रशासन को सख्त एवं निरंतर अभियान चलाना होगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि जिले के नगरीय एवं क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर दूध डेयरियों, मिठाई दुकानों, मावा-पनीर निर्माताओं, खाद्य तेल विक्रेताओं, गोदामों एवं खाद्य निर्माण इकाइयों की सघन जांच की जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूनों की 48 घंटे के भीतर प्राथमिक जांच कराई जाए तथा विधिक नमूनों को मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भेजकर निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट प्राप्त की जाए। मिलावटखोरों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा भारतीय न्याय संहिता की लागू धाराओं में कठोर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं। दोषी पाए जाने पर कारावास एवं अर्थदंड सहित कठोरतम वैधानिक सजा दिलाई जाए। इसके अतिरिक्त मिलावटी सामग्री जब्त कर नियमानुसार नष्ट करने, दोषी प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त एवं इकाइयों को सील करने, मिलावट के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग भी की गई। स्कूलों, आंगनवाड़ियों, छात्रावासों, अस्पतालों, धार्मिक आयोजनों एवं सार्वजनिक भोजनालयों में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री की विशेष जांच करने तथा आम नागरिकों के लिए शिकायत हेल्पलाइन जारी करने का आग्रह किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता वर्दीचन्द कुमावत व बंशीलाल टांक ने कहा कि शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। शासन एवं प्रशासन की जिम्मेदारी है कि आमजन को सुरक्षित एवं मिलावटमुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। मध्यप्रदेश शासन इस विषय पर विशेष अभियान चलाकर मिलावटखोरों के विरुद्ध ऐसी कठोर कार्रवाई करे, जिससे भविष्य में कोई भी व्यक्ति नागरिकों के स्वास्थ्य एवं जीवन से खिलवाड़ करने का साहस न कर सके। इस अवसर पर वर्दीचंद कुमावत, मुकेश चनाल, डॉ. रविंद्र पांडे, यशपाल सिंह पवार, विनोद मेहता, विनय दुबेला, कमलेश नागदा, नरेंद्र सिंह चौहान, घनश्याम बटवाल, अजीजुल्लाह खान, बंसीलाल टाक, शंभूसेन राठौड़, बाबूलाल चौधरी, भूपेंद्र सिंह चंद्रावत सहित मंदसौर सर्व समाज, जिला धार्मिक उत्सव समिति मंदसौर एवं दशपुर जागरूक नागरिक मंच के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं साथी उपस्थित रहे। सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए जनस्वास्थ्य एवं मानव जीवन की सुरक्षा के लिए इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

टोपी- लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026–27

इंदौर एकेडमी ने दिल्ली में लहराया परचम, बनी राष्ट्रीय चैंपियन

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

दिल्ली/इंदौरः। मप्र का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर बेसबॉल एकेडमी' की टीम ने दिल्ली में 'लिटिल लीग नेशनल चैंपियनशिप 2026–27' का खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया। देशभर से 21 टीमों के बीच कड़े मुकाबले में इंदौर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की।

इस टूर्नामेंट का आयोजन 'लिटिल लीग कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया' द्वारा किया गया था, जो बेसबॉल और सॉफ्टबॉल की आधिकारिक वैश्विक संस्था 'लिटिल लीग इंटरनेशनल बेसबॉल एंड सॉफ्टबॉल' से मान्यता प्राप्त है।

बेसबॉल, जिसे वैश्विक स्तर पर अमेरिका का राष्ट्रीय खेल माना जाता है, और सॉफ्टबॉल दोनों ही ओलंपिक तथा एशियाई खेलों में आधिकारिक तौर पर शामिल हैं। भारत में भी इन दोनों खेलों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, इन्हें स्कूल नेशनल गेम्स व अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं पुरुष एवं महिला वर्गों में खेला जा रहा है।

इंदौर की टीम ने तीन अलग-अलग आयु वर्गों में प्रतिभावान खिलाड़ियों के दम पर यह स्वर्णिम सफलता हासिल की।

अंडर-9

वर्ग में मोहम्मद शोएब, व्योम ढाका, लौकिक अग्रवाल, विवांश नामदेव, सारांश पाटीदार, रेयांश रासनकर, यशार्थ श्रीनेत, वेदिका गुप्ता, देवांशी शेरावत और अयांश ओझा।

अंडर-12

वर्ग में जेविका राजवानिया, स्वर्ण मुरमकर, लविश जरिया, साद मोंडल, कृपाशं वर्मा, जानवी दया, प्रियंशी बारगल, गौरव कुमार मेहर, एस.एल. कार्तिक बड़गोटी हिमांश तिवारी, अक्षत राठौर और शुभान शेख।

अंडर-14

वर्ग में लव पगारे, दिव्यांश खाखरिया, वंश यादव, प्रथम चौहान, प्रतीक चौहान, समीक्षा उपाध्याय, प्रियांशी पाटीदार, राजश्री परमार, निहारिका यादव, प्रीति रूपचंदानी और अंश चौहान।

टीम को सफलता दिलाने में कोच जितेन्द्र शिंदे, प्रभा त्रिपाठी और विनीता तिवारी का मार्गदर्शन रहा

अब एशिया-पैसिफिक और लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज पर नजरें



इस शानदार राष्ट्रीय विजय के साथ इंदौर की टीम ने 'एशिया-पैसिफिक एवं मिडिल ईस्ट लिटिल लीग रीजनल टूर्नामेंट' में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। क्षेत्रीय स्तर की विजेता टीम सीधे 'लिटिल लीग इंटरनेशनल' द्वारा प्रायोजित 'लिटिल लीग वर्ल्ड सीरीज' में खेलने की हकदार बनाती है। इंदौर एकेडमी के प्रबंधन, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को उनकी लगन, उत्कृष्ट प्रदर्शन और इस भव्य राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए हेमंत कुमार, मनोज गिरी, रजनीश त्रिपाठी, राज सिंह एवं गौरव जोशी, तिथि रामटेके ने बशशश दी हैं।

बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचे अभा अखाड़ा परिषद अध्यक्ष

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com



उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत डॉ. रविंद्र पूरी जी महाराज ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए। यहां उन्होंने गर्भगृह में पहुंचकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया और विश्व शांति एवं देश की सुख समृद्धि के साथ ही सिंहस्थ 2028 की सफलता के लिए कामना की।श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा श्री महंत रविंद्र पूरी जी महाराज का स्वागत एवं सत्कार किया गया। पूजन पुजारी राजेश गुरु एवं पुजारी आकाश गुरु द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी, समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, पं. संजय दिवटे, ऋतिक नागर सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

माँ भूखी माता एवं माँ गढ़कालिका मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण

विश्वनाथ समाचार
www.vishwanathsamachar.com

उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री रवि सोलंकी एवं संभागायुक्त श्री आशीष सिंह ने आज उज्जैन में भोग माता मंदिर (भूखी माता मंदिर) एवं गढ़कालिका मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ 2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। उनकी दृष्टि के अनुरूप श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन व्यवस्था, सुगम आवागमन



और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान प्राधिकरण सीईओ श्री संदीप सोनी , प्राधिकरण कार्यपालन यंत्री श्री कुलदीप रघुवंशी एवं श्री शुभम सोनी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक संदीप परमार द्वारा उदयरत्न ऑफसेट 170/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड, उज्जैन से मुद्रित एवं 215, सोमानी नगर, एयरपोर्ट 60 फीट रोड, इंदौर (म.प्र.) 452005 से प्रकाशित।
सनातन दवदी (स्थानीय संपादक)/ उत्कर्ष जैन-(जीवन डोडिया-9926084685) RNI No. MPHIN/25/A4357- (सभी विवादों का क्षेत्र इंदौर रहेगा)- (नोट : पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)-मो. 7000928755 E-mail:- vishwanathsamachar@gmail.com